

# ग्रामीण क्षेत्रों में कानून-व्यवस्था बदहाल, माफिया बेखौफ : ज्ञान

## मड़वास थाने का घेराव कर कांग्रेस ने सौंपा राज्यपाल के नाम ज्ञापन, घेराव प्रदर्शन में जुटी भीड़





नवभारत न्यूज

**सीधी 5 जनवरी। ग्रामीण क्षेत्रों में कानून-व्यवस्था बदहाल और भाजपा सरकार में माफिया बेखौफ हैं तथा प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है। मड़वास से लेकर पूरे सीधी जिले में हालात भयावह हैं। रेत माफिया खुलेआम मौत बांट रहे हैं। पुलिस और प्रशासन आंख मूंदे बैठे हैं। यह बातें आज मड़वास थाने के घेराव प्रदर्शन को संबोधित करते हुये जिला कांग्रेस अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने कही।**

जिला कांग्रेस अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने सरकार और प्रशासन पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि मड़वास से लेकर पूरे सीधी जिले में हालात काफी चिंताजनक है। किसानों की फसलें चौपट हो रही हैं, आदिवासी और दलित बस्तियां अंधेरे में जीने को मजबूर हैं, अस्पतालों में डॉक्टर नहीं और योजनाएं केवल कागजों में चल रही हैं। यह भाजपा सरकार की जनविरोधी मानसिकता और प्रशासनिक विफलता का जीता-जागता प्रमाण है। कांग्रेस यह अन्याय कतई बर्दाश्त नहीं करेगी। यदि प्रशासन ने शीघ्र ठोस और कठोर कार्यवाही नहीं की तो कांग्रेस सड़क से सदन तक जनआंदोलन छेड़ेगी और सरकार को जवाब देने के लिए मजबूर करेगी। उन्होंने चेतावनी दी कि कांग्रेस कार्यकर्ता जनता के हक की लड़ाई आखिरी सांस तक लड़ेंगे और हर गांव, हर पंचायत में सरकार की नाकामियों को उजागर करेंगे। इस अवसर पर कांग्रेस ने मड़वास एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में कानून-व्यवस्था की बदहाली, अवैध रेत उत्खनन के बढ़ते आतंक, किसानों की फसलों को हो रहे नुकसान, आदिवासी व दलित बस्तियों की उपेक्षा, बिजली-पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं के अभाव, स्वास्थ्य सेवाओं की दुर्दशा, जर्जर सड़कों, लंबित सिंचाई कार्यों तथा सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से पात्र हितग्राहियों के वंचित रहने जैसे गंभीर मुद्दों को ज्ञापन में उठाया। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि शासन-प्रशासन की मिलीभगत और उदासीनता के कारण माफिया बेखौफ हैं और आम नागरिक असुरक्षित महसूस कर रहा है। कांग्रेस ने स्पष्ट किया कि अवैध रेत परिवहन से हुई नाबालिग की दर्दनाक मृत्यु केवल एक हादसा नहीं बल्कि प्रशासनिक लापरवाही और संरक्षण का परिणाम है। इसके साथ ही जिले भर में चल रहे अवैध उत्खनन से जहां करोड़ों रुपये के राजस्व की हानि हो रही है वहीं किसानों की फसलें आवारा पशुओं से नष्ट हो रही हैं और ग्रामीण अंचलों में वर्षों बाद भी बिजली, पानी और सड़क जैसी मूलभूत सुविधाएं अधूरी पड़ी हैं। स्वास्थ्य केन्द्रों में डॉक्टरों की अनुपस्थिति और योजनाओं का कागजी क्रियान्वयन शासन की असंवेदनशीलता को उजागर करता है।

श्री सिंह के नेतृत्व में धौंहनी विधानसभा अंतर्गत ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मड़वास द्वारा क्षेत्र में व्याप्त गंभीर जनसमस्याओं के विरोध में आज मड़वास थाने का घेराव किया गया। बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं, ग्रामीणों, महिला एवं युवा कांग्रेस की सहभागिता के साथ यह प्रदर्शन शांतिपूर्ण किंतु आक्रोशपूर्ण रहा। इसके उपरांत महामहिम राज्यपाल के नाम 30 सूत्रीय मांगों का विस्तृत ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मझौली के माध्यम से एसडीएम एवं एसडीओपी को सौंपा गया। कांग्रेस ने दो टूक कहा कि यदि ज्ञापन में उठाए गए मुद्दों पर तत्काल संज्ञान लेकर समयबद्ध कार्यवाही नहीं हुई तो आगामी दिनों में आंदोलन को और व्यापक एवं उग्र रूप दिया जाएगा।

### ज्ञापन में शामिल प्रमुख मांगे


ज्ञापन में शामिल प्रमुख मांगों में ग्राम टिकरी निवासी 15 वर्षीय उमेश सिंह की ट्रैक्टर से कुचलकर हुई मृत्यु के मामले में अवैध परिवहनकर्ताओं पर हत्या का प्रकरण, वाहन राजसात तथा परिजनों को आर्थिक सहायता। पुलिस सहायता केन्द्र प्रभारी एवं प्रधान आरक्षक के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण व निलंबन, क्योंकि अवैध परिवहन की शिकायतें पूर्व में की गई थीं। सीधी जिले में अवैध रेत उत्खनन (डालपीपर, टिकरी, भुमका, निधपुरी गोतरा सहित) पर तत्काल रोक, राजस्व क्षति की जांच। आवारा पशुओं से फसल नुकसान रोकने हेतु त्वरित व्यवस्था। बीपीएल सर्वे (2002-03 के बाद लंबित) पुन: कराकर पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ। बिजली मीटर की मनमानी बिलिंग, स्मार्ट मीटर से अधिक खपत दर्शाने की शिकायतों पर मीटर परिवर्तन। खाद्यान्न पर्ची जारी करना, पीएम आवास स्वीकृत हितग्राहियों को राशि। जनपद परिसर के शॉपिंग कॉम्प्लेक्स मामले में उच्च न्यायालय में शीघ्र जवाब प्रस्तुत कर भूमि बचाव। तिलवारी-जनकपुर मार्ग की मरम्मत, सेहरा व तिरचुली एनीकट चालू कराना व सेहरा बांध से नुकसान का मुआवजा। 2022-25 व 2023-24 के वृक्षारोपण का भौतिक सत्यापन समिति बनाकर एक सप्ताह में रिपोर्ट। कावाटीला-अमहिया सड़क की घटिया गुणवत्ता पर तत्काल सुधार। उर्वरक (खाद) की उपलब्धता सुनिश्चित करना। अम्होरा बोल बांध का रुका निर्माण कार्य शीघ्र शुरू। मड़वास शराब दुकान को मंदिर-मस्जिद-स्कूल व बाजार से 50 मीटर के दायरे से हटाना। मड़वास सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में नियमित डॉक्टरों की पदस्थापना। नल-जल योजना का वास्तविक लाभ हरिजन व अन्य बस्तियों तक पहुंचाना। मड़वास, मौहरिया टोला, कोलान व हरिजन बस्ती में बिजली तार लगाकर आपूर्ति शुरू करना।

### घेराव प्रदर्शन में इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में राजेन्द्र सिंह भदौरिया, कमलेश सिंह, आनंद सिंह, प्रदीप सिंह दीपू, ज्ञानेन्द्र अग्निहोत्री, ओंकार सिंह, सतेन्द्र सिंह, गणेश सोनी, हल्के सोनी, इंद्रबली सिंह, जनपद अध्यक्ष मझौली सुनैना सिंह, जनपद अध्यक्ष कुसमी श्यामवती सिंह, जनपद उपाध्यक्ष रमेश कुशवाहा, विदेश सिंह, रामकृष्ण गुप्ता, विकास पाण्डेय, मार्तण्ड चतुर्वेदी, ब्लॉक अध्यक्ष संतोष तिवारी, जय सिंह, प्रदीप दीक्षित, अभिषेक सिंह, रमेश साहू, कनक साहू, हर्षित शुक्ला सहित जिला, ब्लॉक, मंडल, सेक्टर एवं सहयोगी संगठनों के पदाधिकारी, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस तथा भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पेयजल समस्या को गंभीरता से लेकर पूरे प्रदेश के लिए योजना बनाये सरकार : अजय

## पूर्व नेता प्रतिपक्ष ने सरकार से की मांग



नवभारत न्यूज

**सीधी 5 जनवरी। पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह ने इंदौर में दूषित जल से हुई मौतों के संदर्भ में कहा है कि सरकार को घटना से सबक लेते हुए तत्काल एक कड़ा कानून बनाने की जरूरत है। एक ऐसा कानून जिसमें जिम्मेदारी तय की जाकर सजा का प्रावधान हो। बढ़ती आबादी को देखते हुए भविष्य में इस तरह की घटनाओं से इनकार नहीं किया जा सकता। कमोबेश यह स्थिति प्रदेश के सभी जिलों में है।**

श्री सिंह ने कहा कि पानी का अधिकार मानव अधिकार संरक्षण अधिनियम में प्राथमिकता से शामिल है लेकिन अभी तक वाटर सप्लाई की तकनीक में कोई सुधार नहीं हुआ है। आज भी घनी बस्तियों में पानी की सप्लाई लाइन सीवर लाइन के पास में है। ओवरफ्लो होने पर जहरीला पानी साफ पानी की लाइन में चला जाता है। इन्हें वहां से शिफ्ट करना बहुत जरूरी है नहीं तो ऐसी घटनाएं होती रहेंगी। आधुनिक मशीनों और तकनीक के जमाने में यह काम मुश्किल भरा बिल्कुल नहीं है, बस जरूरत है तो सिर्फ राजनीतिक दृढ़ इच्छा शक्ति की। अजय सिंह ने कहा कि शुद्ध पेयजल के वितरण के लिए जिम्मेदार एजेंसियां अपना काम गंभीरता से नहीं करती हैं। कोई भी घटना होने पर अपनी जिम्मेदारी से बचते हुए एक-दूसरे को कसूरवार ठहराते हैं। सरकार अफसरों का ट्रांसफर करके या निलंबित कर अपना कर्तव्य पूरा कर लेती है। यह सामान्य बात है कि निलंबन कोई सजा नहीं है। सजा कड़ा कानून बनाकर ही तय होगी। जांच कमेटी बनाने से कुछ नहीं होगा, केवल जनता का आक्रोश थोड़ा कम हो जाएगा और फिर वही पुराना ढर्रा शुरू हो जाता है।

श्री सिंह ने मुख्यमंत्री मोहन यादव से आग्रह किया है कि वे लोगों के स्वास्थ्य, जीवन और मृत्यु से जुड़ी पेयजल की समस्या को गंभीरता से लें और व्यक्तिगत रुचि लेकर पूरे प्रदेश के लिए तत्काल विशेषज्ञों की सलाह से कोई ठोस योजना बनवाएं। जिस परिवार में मानव लापरवाही से इस तरह की अकाल मौत होती है उसके दुख और पीड़ा को वही समझ सकता है, हम नहीं। इसलिए जरूरी है कि सरकार संवेदनशील रुख अपनाए।

# खनिज नियमों के उल्लंघन पर कठोर कार्रवाई, कलेक्टर ने दिए निर्देश



नवभारत न्यूज

**सीधी 5 जनवरी। खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर प्रभावी रोकथाम सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी तथा पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी की उपस्थिति में जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई।**

बैठक में कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि खनिज, पुलिस, सोन घड़ियाल एवं राजस्व विभाग संयुक्त रूप से संवेदनशील एवं चिन्हित क्षेत्रों में सतत जांच एवं निरीक्षण करें। अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण में संलिप्त आदतन उल्लंघनकर्ताओं के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत सख्त प्रतिबंधात्मक एवं दंडात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। इस संबंध में सभी एसडीएम को प्रभावी निगरानी एवं त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए गए। बघवार एवं कोष्टा कोठार क्षेत्रों में खनिज विभाग द्वारा स्थापित सीसीटीवी कैमरों के डेटा के आधार पर अवैध परिवहन में संलिप्त वाहनों की पहचान कर उनके विरुद्ध तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए गए। इसके अतिरिक्त बिना कवर हाइवा के माध्यम से फ्लाई ऐश परिवहन पर नियमानुसार सख्त कार्यवाही करने तथा सिंगरौली जिले में संचालित पावर प्लांटों से हो रहे फ्लाई ऐश परिवहन के मामलों में आवश्यक कार्यवाही हेतु आयुक्त को पत्र प्रेषित करने के निर्देश दिए गए।

# शीतलहर के चलते नर्सरी से 8वीं तक अवकाश घोषित

**सीधी 5 जनवरी।** कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने शीतलहर एवं तापमान में आई गिरावट को दृष्टिगत रखते हुए आदेश जारी किया है। आदेश के अनुसार जिले में संचालित समस्त शासकीय, अशासकीय एवं अन्य सभी बोर्ड से संबद्ध विद्यालयों में कक्षा नर्सरी से कक्षा 8वीं तक के विद्यार्थियों के लिए 6 जनवरी से 8 जनवरी 2026 तक अवकाश घोषित किया गया है। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि इस अवधि में शिक्षक नियमित रूप से संस्थाओं में उपस्थित रहेंगे एवं अन्य शासकीय कार्यों का संपादन करेंगे। वहीं परीक्षाएं एवं अन्य महत्वपूर्ण गतिविधियां पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार यथावत संचालित रहेंगी।

# प्रलेस का जिला सम्मेलन आयोजित, सोमेश्वर सिंह बने पुन : अध्यक्ष



नवभारत न्यूज

**सीधी 5 जनवरी। प्रगतिशील लेखक संघ इकाई सीधी का जिला सम्मेलन सम्पन्न हुआ। सम्मेलन के मुख्य अतिथि संरक्षक राजेंद्र सिंह भदौरिया रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो.अनिल सिंह व जगदीश मिश्रा उपस्थित रहे। अध्यक्षता इकाई अध्यक्ष सोमेश्वर सिंह ने की।**

सम्मेलन में प्रलेस के 90वें स्थापना वर्ष पर आगामी अप्रैल माह में प्रस्तावित प्रगतिशील लेखक संघ मध्य प्रदेश के प्रांतीय अधिवेशन पर विस्तार से चर्चा की गई। निर्णय लिया गया कि सीधी इकाई के कवि साथियों का एक कविता संग्रह प्रकाशित किया जाए, जिसका लोकार्पण आगामी प्रांतीय अधिवेशन में कराया जाए। जिसके लिए कई साथियों से 5-5 प्रतिनिधि कविताएं आमंत्रित की गई हैं। सम्मेलन को संबोधित करते हुए वरिष्ठ साहित्यकार प्रो.अनिल सिंह सत्यप्रिय ने कहा कि आज देश में संस्कृति की उन्मादी ढंग से व्याख्या की जा रही है। यह बुद्ध, गांधी, कबीर का देश है। जहां प्रेम और अहिंसा को महत्व दिया गया है। प्रांतीय सचिव मंडल के सदस्य शिव शंकर मिश्रा सरस पर्यवेक्षक थे। जिन्होंने जिला इकाई के विस्तारित पुनर्गठन की घोषणा की। जिसमें संरक्षक राजेंद्र भदौरिया, अध्यक्ष सोमेश्वर सिंह, अध्यक्ष मंडल धीरेंद्र त्रिपाठी, महेंद्र सिंह गौतम, जय सिंह गगन, उपाध्यक्ष रावेंद्र शुक्ला, रामराज यादव, गणेश विश्वकर्मा महासचिव अशोक तिवारी अकेला, सचिव मंडल संतोष तिवारी, कु.सुष्मिता द्विवेदी, कार्तिकानंद सोनी तथा कार्यकारिणी सदस्य के रूप में प्रो.अनिल सिंह, शिव शंकर मिश्रा सरस, जगदीश मिश्रा, राजीव सिंह चौहान, एसपी द्विवेदी तथा कमलापति गौतम को चुना गया।

# गणतंत्र दिवस समारोह पूरे गरिमा, अनुशासन एवं राष्ट्रभक्ति के वातावरण में किया जाएगा आयोजित



नवभारत न्यूज

**सीधी 5 जनवरी। कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी एवं पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी की उपस्थिति में समय-सीमा बैठक आयोजित की गई, जिसमें 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के गरिमामय एवं भव्य आयोजन की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की गई।**

जिले का मुख्य गणतंत्र दिवस समारोह स्थानीय छत्रसाल स्टेडियम में पूरे गरिमा, अनुशासन एवं राष्ट्रभक्ति के वातावरण में आयोजित किया जाएगा। आयोजन की प्रत्येक व्यवस्था को सुव्यवस्थित एवं समयबद्ध रूप से संपन्न कराने हेतु संबंधित विभागों के अधिकारियों को स्पष्ट जिम्मेदारियां सौंपी गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि ध्वजारोहण, मार्चपास्ट, सांस्कृतिक कार्यक्रम, झांकियां, मंच व्यवस्था, अतिथि सत्कार, सुरक्षा, यातायात, चिकित्सा, अग्निशमन, स्वच्छता, विद्युत, पेयजल एवं मीडिया समन्वय सहित सभी व्यवस्थाएं उच्च स्तरीय हों।

समारोह स्थल पर आम नागरिकों, विद्यार्थियों, महिला समूहों, वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांगजनों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जाए, ताकि अधिक से अधिक लोग समारोह में सहभागिता कर सकें। बैठक में विकास पर केन्द्रित आकर्षक एवं संदेशात्मक झांकियों के आयोजन पर विशेष जोर दिया गया। सभी विभागों को झांकियों की थीम की सूची 20 जनवरी के पूर्व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। गणतंत्र दिवस के अवसर पर उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित किए जाने के लिए उनके नामों की सूची, कार्य विवरण सहित 20 जनवरी के पूर्व प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। साथ ही देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों- समूह नृत्य एवं लोक संस्कृति आधारित प्रस्तुतियों की सूची भी समय-सीमा में उपलब्ध कराने को कहा गया, ताकि कार्यक्रम की रूपरेखा प्रभावशाली बनाई जा सके।

समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर श्री सोमवंशी ने सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के निराकरण की भी विस्तृत समीक्षा की।

उन्होंने सभी विभागों को निर्देश दिए कि शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाए तथा ए-ग्रेड प्राप्त करना सभी विभागों की प्राथमिक जिम्मेदारी होगी। समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम के अंतर्गत चयनित शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निराकृत करने तथा 100 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों को विशेष अभियान चलाकर शीघ्र निराकृत कराने के निर्देश दिए गए।

### बैठक में इनकी रही उपस्थिति

बैठक में सीईओ जिला पंचायत शैलेन्द्र सिंह सोलंकी, अपर कलेक्टर बीपी पाण्डेय, एएसपी अरविंद श्रीवास्तव, उपखंड अधिकारी सिहावल सुश्री प्रिया पाठक, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती प्रियल सिंह सहित समस्त विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# हार्ट अटैक से डॉ .हीरालाल सेन का निधन, शोक की लहर



नवभारत न्यूज

**मझौली 5 जनवरी। जिले के जनपद पंचायत मझौली अंतर्गत ग्राम छुही निवासी एवं रोजगार सहायक अनुपम सेन के पिताजी, वरिष्ठ नागरिक डॉ.हीरालाल सेन का शनिवार देर रात आकस्मिक निधन हो गया।**

बताया जा रहा है कि कल रात्रि लगभग 7 बजे अचानक हार्ट अटैक आने से उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर मिलते ही गांव-मोहल्ले सहित पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों के अनुसार डॉ.हीरालाल सेन पिछले कुछ समय से उपचाररत थे। उनका इलाज जबलपुर और बनारस जैसे बड़े चिकित्सा संस्थानों में चल रहा था, जहां से इलाज के बाद उनकी तबियत में सुधार भी हो गया था। हाल के दिनों में वे सामान्य रूप से स्वस्थ चल रहे थे। शनिवार रात भोजन करने के बाद वे बिस्तर पर लेटे थे, उसी दौरान अचानक उनकी पत्नी ने उन्हें असहज देखा और शोर मचाया। परिजन जब तक कुछ समझ पाते, तब तक हृदयाघात के कारण उनका निधन हो चुका था। डॉण् हीरालाल सेन की उम्र लगभग 64 वर्ष बताई जा रही है। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके दो पुत्र और दो पुत्रियां हैं। उनके निधन की सूचना मिलते ही गांव के लोग, व्यापारी वर्ग, परिचित एवं शुभचिंतक बड़ी संख्या में उनके घर पहुंचे और शोक संवेदना व्यक्त की। क्षेत्र के सम्मानित लोगों में रामलाल यादव सेवानिवृत शिक्षक, सौखीलाल पनिका सेवानिवृत शिक्षक बचपन के साथी, पिंकी, ओमप्रकाश पनिका जनपद सदस्य छुही, बीरेंद्र प्रसाद पनिका सरपंच ग्राम पंचायत छुही, चिंतामणि कुशवाहा उपसरपंच, युवराज, सोनू, द्वारिका प्रसाद पनिका शिक्षक, विजय कुमार पनिका मुंशी, रामदास कुशवाहा सेल्समैन कई गणमान्य नागरिकों द्वारा दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिवार को इस दुख की घड़ी में संबल प्रदान करने की प्रार्थना की।

# सीधी चैलेंज कप-9 : रोमांचक मुकाबले में टाटा कॉलेज सीधी इलेवन ने रांची को किया पराजित

## कुंवर एण्ड ब्रदर्स सीधी चैलेंज कप सीजन-9 के दूसरे मैच में 50 रन से टाटा कॉलेज सीधी इलेवन ने कमला कॉलेज रांची को दी शिकस्त







नवभारत न्यूज

**सीधी 5 जनवरी। अखिल भारतीय आमंत्रण क्रिकेट टूर्नामेंट कुंवर एण्ड ब्रदर्स सीधी चैलेंज कप सीजन 9 के आज स्थानीय छत्रसाल स्टेडियम में टाटा कॉलेज सीधी इलेवन एवं कमला कॉलेज रॉक मेंस रांची झारखण्ड के मध्य हुए दूसरे दिन के मैच के रोमांचक मुकाबले में 50 रनो से अपनी एक तरफा जीत दर्ज कर टाटा कॉलेज सीधी इलेवन ने एक बार फिर दम दिखाया। आज दूसरे दिन के मैच के मैन ऑफ द मैच हर्षवर्धन सिंह रहे जिन्हें आज के गेस्ट ऑफ ओनर जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष एडवोकेट बृजेन्द्र सिंह एवं मोहित सिंह द्वारा प्रताप मार्बल मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी दी गई।**

आज दूसरे दिन के मैच में सुबह छत्रसाल स्टेडियम में अखिल भारतीय क्रिकेट टूर्नामेंट सीधी चैलेंज कप स्पोर्ट समिति के अध्यक्ष डॉ.अनूप मिश्रा द्वारा सीधी इलेवन के फ्रेंचाइजी इंजीनियर आर.बी. सिंह, रॉक मेंस रांची के फ्रेंचाइजी नीरज शर्मा कमला कॉलेज सीधी की गरिमामय उपस्थित में दोनों टीमों के कप्तानों द्वारा टॉस किया गया। टॉस जीतकर रांची ने पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। सीधी इलेवन पहले बल्लेबाजी करते हुए 35 ओवर में 9 विकेट के नुकशान के साथ 222 रनो का एक बड़ा लक्ष्य रॉक मेंस रांची के सामने रखा, जिसमे दीपांशु कुमार ने 58(49) रन एवं चंचल राठौर ने 37(28) रन बनाये। जबावी पारी में कमला कॉलेज रॉक मेंस रांची झारखण्ड ने शुरुआती ओवरों में शानदार प्रदर्शन किया लेकिन जैसे-जैसे ओवर बढ़ते गए यह मैच रांची झारखंड के लिए कठिन होता गया और हर्षवर्धन सिंह ने एक के बाद एक 5 विकेट लिए और कमला कॉलेज रॉक मेंस रांची झारखण्ड मात्र 172(30.5) रनो में सिमट गई। रांची मे तरफ से पवन कुमार ने 79 रनो को शानदार पारी खेली। आज के मैच में अंपायर के रूप में राकेश सिंह चंदेल और जितेन्द्र गुप्ता रहे। स्कोरर बी कृष्ण कुमार, हर्ष गुप्ता रहे। रोमांचक कमेंटेटर के रूप में प्रेम कुमार, बालेन्द्र कुशवाहा और सौरभ सिंह रहे।

### आज मुंबई और रांची के बीच होगा रोमांचक मुकाबला

छत्रसाल स्टेडियम सीधी में सीधी चैलेंज कप सीजन 9 के पूल ए का तीसरा मैच अपना फिलिंग स्टेशन मुंबई क्रिकेट क्लब और कमला कॉलेज रॉक मेंस रांची झारखण्ड के बीच मंगलवार को सुबह 10 बजे से खेला जाएगा। दोनों टीमें एक-एक मैच हार चुकीं हैं मैच में आगे बने रहने के लिए दोनों टीमें पूरी रणनीति के साथ मैदान में उतरेंगी। जिससे यह मैच काफी रोमांचक रहेगा है।





### प्रताप मार्बल मैन ऑफ द मैच हर्षवर्धन के नाम हुआ





सीधी चैलेंज कप सीजन 9 में आज छत्रसाल स्टेडियम में टाटा कॉलेज सीधी इलेवन और कमला कॉलेज रॉक मेंस रांची के बीच खेला गया यह मैच प्रारंभ से ही काफी रोमांचक रहा, लिहाजा क्रिकेट प्रेमियों ने मैच का लुत्फ पूरे समय तक पूरी गर्म जोशी के साथ उठाया। रोमांचक मुकाबले में टाटा कॉलेज सीधी इलेवन के खिलाड़ी हर्षवर्धन सिंह जिन्होंने केवल 39 रन देकर 5 विकेट लिए, उन्हें मैन ऑफ द मैच प्रताप मार्बल की ओर से मोहित सिंह द्वारा दिया गया।